राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल से कई नेताओं, जन–प्रतिनिधियों, अधिकारियों, बुद्धिजीवियों, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों आदि ने मुलाकात कर नव वर्ष की शुभकामनाएँ एवं उनके जन्मदिन पर बधाई दी

पटना, 01 जनवरी 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान से राजभवन में आज विभिन्न नेताओं, विश्वविद्यालय के कुलपतियों, वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, जन–प्रतिनिधियों, सामाजिक–राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों–प्रतिनिधियों, औद्यौगिक–व्यावसायिक संघों के पदाधिकारियों–प्रतिनिधिमंडल, पदाधिकारियों, वरीय अधिवक्ताओं, चिकित्सकों सहित कई बुद्धिजीवियों आदि ने राजभवन आकर नव वर्ष–2020 की शुभकामनाएँ दी। सभी आगन्तुकों ने महामहिम राज्यपाल को आज उनके जन्मदिन पर भी बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की मंगलकामना की।

महामहिम राज्यपाल ने भी मुलाकात के दौरान सबको नव वर्ष की बधाई और मंगलकामनाएँ दी तथा कहा कि नव वर्ष सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि समाहित करे तथा बिहार सद्भावना और समरसता के वातावरण में विकास–पथ पर निरन्तर तेजी से आगे बढ़ता रहे। राज्यपाल ने सभी बिहारवासियों व देशवासियों को नव वर्ष–2020 की शुभकामनाएँ और बधाई देते हुए शुभेच्छा व्यक्त की है कि सभी देशवासियों में राष्ट्रीयता, सामाजिक सद्भावना, भाईचारा, शांति और प्रगति के पथ पर निरन्तर अग्रसर होने की प्रेरणा और दृढ़संकल्प की भावना जागृत हो ताकि भारतवर्ष की पूरी दुनियाँ में प्रतिष्ठा और गरिमा बढ़े।

महामहिम राज्यपाल से उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के मंत्री श्री नीरज कुमार, पटना की मेयर श्रीमती सीता साहू, सूचना आयुक्त श्री पी॰के॰ ठाकुर, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री के॰एस॰ द्विवेदी, बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्री के अध्यक्ष श्री पी॰के॰ अग्रवाल एवं चैम्बर के अन्य पदाधिकारी व प्रतिनिधिगण, बी॰आई॰ए॰ के अध्यक्ष श्री रामलाल खेतान एवं अन्य पदाधिकारीगण, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ॰ ए॰के॰ अग्रवाल, प्रतिकुलपति डॉ॰ एस॰एम॰ करीम, राज्यपाल सचिवालय एवं बिहार सरकार के कई अधिकारीगण, श्री ओ॰पी॰ शाह, डॉ॰ मनोज, श्री राजेश्वर चौहान, 'नेटवर्किंग कंपनी' के चेयरमैन श्री मनीष तिवारी सहित अनेक व्यक्तियों ने भी मुलाकात कर नव वर्ष की शुभकामनाएँ दी।

....